दिन– शुक्रवार दिनांक– 19 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों औरंगाबाद, जमुई, गया और नवादा में शांतिपूर्वक मतदान जारी।

02. सभी मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात। हेलिकॉप्टर से चुनावी प्रक्रिया पर रखी जा रही है पैनी नजर।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

04. और, तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में आज नामांकन पत्र भरने का अंतिम दिन।

---

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों औरंगाबाद, जमुई, गया और नवादा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान चल रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही युवा, महिला और दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

गया से हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

–––साउंड बाईट–––

नवादा से हमारे संवाददाता ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है।

–––साउंड बाईट–––

हमारे जमुई संवाददाता ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

–––साउंड बाईट–––

औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———साउंड बाईट———

मतदान के लिए मतदाताओं ने विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कुछ मतदाताओं ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में छिहत्तर लाख एक हजार छह सौ उनतीस मतदाता, सात हजार नौ सौ तीन मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें उनतालीस लाख तिरेसठ हजार दो सौ तेईस पुरूष और छत्तीस लाख अड़तीस हजार एक सौ इक्यावन महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या दो सौ पचपन है। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या बानवे हजार छह सौ दो है। इन संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। पहले चरण में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, भाजपा के सुशील कुमार सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अरूण भारती, राजद की अर्चना रविदास, भाजपा के विवेक ठाकुर, राजद के कुमार सर्वजीत, श्रवण कुशवाहा और अभय कुशवाहा जैसे दिग्गज राजनेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

———————————————————————————

चुनाव आयोग ने पहले चरण में नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर मतदान की अवधि घटा दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कुटुम्बा, रफीगंज, गुरूआ, इमामगंज और टिकारी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। वहीं, नवादा के गोविंदपुर और रजौली, गया के शेरघाटी, बाराचट्टी और बोधगया तथा जमुई संसदीय क्षेत्र के सिंकदरा, जमुई, झाझा, चकाई और तारापुर विधानसभा क्षेत्र में भी शाम चार बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। शेष क्षेत्रों में मतदान की अवधि सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगी।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्धसैनिक बलों की कुल एक सौ बावन कंपनियों की तैनाती की

गयी है। जिला पुलिस, होमगार्ड, सैप और बीएमपी के जवानों को भी सुरक्षा में लगाया गया है। नक्सली क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी के लिए आठ हजार जवान तैनात किये गये हैं। साथ ही घोड़े से गश्ती के लिए अट्ठाईस कंपनी की तैनाती की गयी है। पूरी मतदान प्रक्रिया की हेलीकाप्टरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। झारखंड से लगी सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। मतदान केन्द्रों से पूरी चुनावी प्रक्रिया की लाईव वेबकास्टिंग हो रही है। आज के चुनाव में बारह पोलिंग बूथों को आदर्श घोषित किया गया है। वहीं, पंद्रह बूथों का प्रबंधन दिव्यांग कर्मचारियों के जिम्मे है। मतदान समाप्ति के बाद जीपीएस लगे वाहनों से ईवीएम को स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया जायेगा।

———————————————————————————

पहले चरण के चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने पटना में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। मतदान समाप्ति तक यह नियंत्रण कक्ष काम करेगा। लोग नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नम्बर– **शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य एक** और **शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य दो** या फैक्स नम्बर– **शून्य–छह–एक–दो–दो–दो–एक–सात–पांच–नौ–सात** पर अपनी शिकायत या किसी अन्य प्रकार की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट जीमेल डॉट कॉम पर भी शिकायतें भेजी जा सकती हैं।

———————————————————————————

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने भीषण गर्मी को देखते हुए औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि वोट देने जा रहे मतदाता शरीर को सूती कपड़े से ढक कर रहें। पोलिंग बूथों पर छाता लेकर जायें। साथ ही खाली पेट नहीं रहें।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हो रहे पहले चरण के मतदान के लिए सभी मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने विशेषकर युवा और पहली बार मतदान कर रहे वोटरों से उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने को कहा है।

——————————————————————————————————————

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए आज नामांकन पत्र भरने का काम समाप्त हो जाएगा। इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, उम्मीदवार बाईस अप्रैल तक अपना नामांकन पर्चा वापस ले सकते हैं।

——————————————————————————————————————

राज्य में दूसरे, तीसरे और चौथे चरण के चुनाव के तहत मतदान के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जारी है। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भागलपुर और बांका लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कटिहार और किशनगंज में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज बांका, पूर्णियां, दरभंगा और उजियारपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे।

——————————————————————————————————————

खगड़िया के निवर्तमान सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने एनडीए से नाता तोड़ने की घोषणा की है। सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे जल्द ही राजद में शामिल होंगे।

——————————————————————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम उष्ण और शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान सीवान और गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————————————

पटना जिले में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए निजी और सरकारी विद्यालयों में कल से तीस अप्रैल तक स्कूली समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने जिले के सभी विद्यालयों में दसवीं कक्षा तक की सभी कक्षाओं में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक शैक्षणिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है। प्री–स्कूल और आंगबाड़ी केन्द्र भी इस आदेश के दायरे में रहेंगे।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार की चार समेत एक सौ दो सीटों पर आज पड़ेंगे वोट।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– औरंगबाद, गया, नवादा और जमुई में आज मतदान।

**प्रभात खबर** लिखता है– छब्बीस को पीएम फारबिसगंज और दरभंगा में, इक्कीस को आयेंगे अमित शाह।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– मतदान के लिए विशेष तैयारी। एक सौ पचासी ट्रेन चलायेगा रेलवे।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– ईवीएम–वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा– हर चीज पर संदेह ठीक नहीं।

**दैनिक आज** की सुर्खी है– मुकेश सहनी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत तीन पर परिवाद दायर।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों औरंगाबाद, जमुई, गया और नवादा में शांतिपूर्वक मतदान जारी।

02. सभी मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात। हेलिकॉप्टर से चुनावी प्रक्रिया पर रखी जा रही है पैनी नजर।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

04. और, तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में आज नामांकन पत्र भरने का अंतिम दिन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।